epaper
हिन्दुस्तान

# डिजिटल लेनदेन में यूपीआई पर ज्यादा भरोसा

20/03/2022

• अजित खरे

**लखनऊ।** डिजिटल माध्यम से लेनदेन के लिए अब लोग डेबिट कार्ड के बजाए यूपीआई पर ज्यादा भरोसा कर रहे हैं। गत वर्ष नौ महीनों में यूपी में 392 करोड़ डिजिटल लेनदेन हुआ है, इसमें यूपीआई का हिस्सा सर्वाधिक 142 करोड़ का है। यही नहीं पिछले तीन साल में जनता अब भुगतान के लिए डिजिटल माध्यम का ज्यादा प्रयोग कर रही है।

यूपीआई फीचर आधारित केंद्र सरकार द्वारा लांच किया गया भीम एप खासा लोकप्रिय हो रहा है। इसके अलावा यूपीआई श्रेणी के अन्य एप पेटीएम, मोबीक्विक, गगूल पे, एसबीआई पे का भी खूब इस्तेमाल हो रहा है। असल में यूपीआई यानी यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस के जरिए लेनदेन खासा सुरक्षित माना जाता है। इसके जरिए पैसा मोबाइल फोन से 24 घंटे तुरंत दूसरे खाते में हस्तांतरित हो जाता है।